बुधवार
27 दिसंबर 2023

# केशव टाइम्स
डिजिटल संस्करण
आपकी आवाज


बालू घाट के रास्ते के विवाद में दो भाइयों में फायरिंग, किसान जख्मी
2



## बिहार कैबिनेट की बैठक में 29 प्रस्तावों पर मुहर

# नियोजित शिक्षक परीक्षा पास कर बनेंगे राज्यकर्मी

- बैठक में बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 को स्वीकृति
- सरकार के इस फैसले से पौने 4 लाख शिक्षकों को मिलेगा लाभ
- राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बिहार पर्यटन नीति-2023 को स्वीकृति

**केटी न्यूज/पटना**

सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में बिहार कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें कुल 29 प्रस्तावों पर मुहर लगी। मंत्रिमंडल की इस बैठक में नीतीश सरकार ने नियोजित शिक्षकों को नए वर्ष का बड़ा तोहफा दिया। मंत्रिमंडल की बैठक में 'बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक नियमावली, 2023 को स्वीकृति दे दी गई। बताया जाता है कि इसका फायदा बिहार के लगभग 4 लाख शिक्षकों को मिलेगा। अब बिहार के सभी नियोजित शिक्षक विशिष्ट शिक्षक कहलाएंगे। उन्हें बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित एक मामूली परीक्षा को पास करना होगा। इसके बाद सरकार उन्हें राज्यकर्मी का दर्जा दे देगी। नियोजित शिक्षकों को तीन मर्तबा परीक्षा देने का मौका दिया जाएगा। अगर वे तीन बार परीक्षा में फेल हुए तो फिर सरकार उनपर विचार करेगी। वहीं राज्य कर्मचारी का दर्जा मिलने पर नियोजित शिक्षकों को करीब 5000 रुपये वेतन का लाभ मिलेगा, साथ ही पदोन्नति और स्थानांतरण का भी लाभ मिलेगा।

गौरतलब है कि इसी साल सरकार ने बिहार शिक्षक नियमावली में संशोधन किया था। नई नियमावली में प्रस्ताव था कि नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी बनने के लिए बीपीएससी की परीक्षा पास करनी होगी, जिसके बाद प्रदेश के नियोजित शिक्षक विरोध में सड़क पर उतर गये और पटना समेत अन्य जिलों में जमकर प्रदर्शन किया। इसके बाद ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई नियमावली की समीक्षा का भरोसा दिया था। अब सरकार ने इस नियम को खत्म कर दिया है। नियोजित शिक्षकों को अब राज्यकर्मी का दर्जा हासिल करने के लिए बीपीएससी की परीक्षा पास नहीं करनी होगी। अब शिक्षा विभाग की तरफ से सक्षमता परीक्षा ली जाएगी, जिसे पास करते ही नियोजित टीचर्स को राज्यकर्मी का दर्जा मिल जाएगा। उन्हें बीपीएससी टीचर्स की तर्ज पर वेतनमान और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। वहीं आठ साल पूरे होने पर प्रमोशन मिलेगा। प्राथमिक से मध्य विद्यालय, मध्य विद्यालय से माध्यमिक विद्यालय शिक्षक और माध्यमिक से उच्च माध्यमिक शिक्षक का लाभ ले सकेंगे। पंचायती राज और नगर निकाय संस्था के नियुक्त शिक्षक और पुस्तकालयाध्यक्ष भी इस नियमावली की नियुक्ति प्रक्रिया से राज्य कर्मी के नए कैडर में शामिल होंगे। क्लास 1 टू 12 की नियोजित शिक्षकों को फायदा मिलेगा।



### भिखारी ठाकुर के नाम पर बनेगा ऑडिटोरियम

नीतीश कैबिनेट की बैठक में अनुसूचित जाति जनजाति कल्याण विभाग के तहत स्कूल भवन निर्माण को मंजूरी मिली है। छपरा में भिखारी ठाकुर के नाम पर ऑडिटोरियम निर्माण को मंजूरी मिली है। रीगा चीनी मिल के पुनः परिचालन से पहले किसानों के बकाये ईख की राशि का वितरण करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आधारभूत संरचना समग्र समावेशी विकास और निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए 'बिहार पर्यटन नीति-2023' को स्वीकृति दी गई। समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत बिहार राज्य में पूर्व से स्वीकृत सभी 7115 मिनी आंगनवाड़ी केन्द्रों को सामान्य आंगनवाड़ी केन्द्रों में उत्क्रमित करने एवं उक्त आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन हेतु केन्द्रांश, राज्यांश एवं राज्य योजना मद में कुल अतिरिक्त वार्षिक व्यय 1,36,10,28,350 (एक सौ छत्तीस करोड दस लाख अठाईस हजार तीन सौ पचास) की स्वीकृति दी गई। पर्यटन विभाग के ही तहत गया जिलान्तर्गत विष्णुपद मंदिर में पाथवे-सह-शेड भवन, संरचना एवं मंदिर के लिए अल्टरनेटिव एप्रोच पथ एवं बस डिपो के निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि 61.96.79,000 रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई।

# अयोध्या में अब कंकड़-पत्थर भी सुनाएंगे प्रभु श्रीराम की गाथा

- रामनगरी अयोध्या को नव्य-भव्य रूप से सजाने की प्रक्रिया में आई तेजी
- अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को कंकड़-पत्थर से बनी कलाकृतियों से सजाने का शुरू किया कार्य

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की आर्थिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करने के साथ ही प्रदेश की आध्यात्मिक मूल्यों के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध योगी सरकार रामनगरी अयोध्या को नव्य-भव्य रूप में सजाने की कोई कसर नहीं छोड़ रही है। अयोध्या में 22 जनवरी को प्रस्तावित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले पूरे क्षेत्र के कायाकल्प की प्रक्रिया जारी है। 30 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी के प्रस्तावित दौरे से पूर्व श्रीराम जन्म भूमि मंदिर को जोड़ने वाले सभी प्रमुख मार्गों पर रामायण काल के प्रमुख प्रसंगों का मनमोहक चित्रण कराने की दिशा में योगी सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों में तेजी लाई जा रही है।

सीएम योगी की मंशा अनुसार, अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को टेराकोटा फाइन क्ले म्यूरल कलाकृतियों से सजाने की प्रक्रिया जारी है। वहीं, दूसरी ओर अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की ओर जाने वाले सभी प्रमुख मार्गों की दीवारों को कंकड़-पत्थर से बनी कलाकृतियों से सजाने का कार्य भी शुरू कर दिया है। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए एजेंसी निर्धारण की प्रक्रिया जारी है तथा माना जा रहा है कि प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व इस कार्य को पूर्ण कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एडीए का उद्देश्य अयोध्या शहर में पर्यटन को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाने का है और वर्ष 2047 तक अयोध्या को वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने पर लक्ष्य केंद्रित किया जा रहा है। साथ ही, अयोध्या में अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा तैयार करने की दिशा में सार्थक प्रयास हो रहे हैं जिससे यह शहर प्राचीनता व आधुनिकता का जीवंत मिश्रण बन सके।

### धर्म पथ समेत प्रमुख मार्गों पर स्थापित हो रही हैं कलाकृतियां

एडीए के अनुसार, प्रतिष्ठित धर्म पथ रोड के किनारे टेराकोटा कलाकृतियों व भित्तिचित्रों की स्थापना की जा रही है। इनमें प्रभु श्रीराम के जीवनकाल से जुड़े संदर्भों को दर्शाया जा रहा है। इसमें श्रीराम दरबार, खर-दूषण वध, कैकई कोपभवन गमन दृष्य समेत अनेक प्रसंगों को दर्शाया जा रहा है। यह परंपरा और आधुनिकता के मिश्रण का प्रतीक है जो तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को अयोध्या के कालातीत आकर्षण का अनुभव करने के लिए स्वागत करता है। धर्म पथ सड़क के किनारे टेराकोटा भित्तिचित्रों के निर्माण से यहां आध्यात्मिक शांति की तलाश में बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और यात्रियों को आकर्षित कर रहा है जो सेल्फी प्वॉइंट में भी परिवर्तित हो गया है। ये भित्तिचित्र दृश्य इतिहास के रूप में काम कर रहे हैं, जो उन पवित्र किंवदंतियों, महाकाव्यों और कहानियों का वर्णन करते हैं, जो सदियों से अयोध्या के हृदयस्थल पर अंकित हैं। ये भित्तिचित्र तीर्थयात्रियों के सांस्कृतिक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करेंगे जो पवित्र अतीत व कोलाहल भरे वर्तमान के बीच की खाई को पाटते हैं।

# जदयू के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे सकते हैं ललन सिंह

- जदयू के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ऐसी खबर को फर्जी बताते हुए इसका खंडन किया है

**केटी न्यूज/पटना**

जदयू की 29 दिसंबर को होने वाली राष्ट्रीय कार्यकारिणी और राष्ट्रीय परिषद की बैठक में ललन सिंह के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की अटकलें तेज हैं। हालांकि, इस खबर के सामने आने के बाद जदयू के वरिष्ठ नेता विजय चौधरी ने इसका खंडन करते हुए इसे फर्जी बताया है। इधर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने भी ऐसी किसी खबर का खंडन किया है। जानकारी के मुताबिक 29 दिसंबर को जदयू के राष्ट्रीय परिषद की बैठक से पहले ही ललन सिंह इस्तीफा दे सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, ललन सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से राष्ट्रीय पद से मुक्त किए जाने का आग्रह किया था। हालांकि, नीतीश कुमार ने उनसे लोकसभा चुनाव तक पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बने रहने को कहा है।



खबर के अनुसार, जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पद छोड़ने पर अड़े हुए हैं। ऐसे में ललन सिंह के इस्तीफा देने बाद सीएम नीतीश खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकते हैं या फिर अपने किसी विश्वासपात्र को यह पद दे सकते हैं। राजनीतिक जानकारों की मानें तो ऐसी चर्चाएं हैं कि रामनाथ ठाकुर या अशोक चौधरी को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जा सकता है। सूत्रों के अनुसार, ललन ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ना है। इस दौरान विपक्षी गठबंधन में सीट बंटवारे के लिए भी उन्हें सक्रिय रहना होगा और बैठकों में बार-बार जाना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में पार्टी की राष्ट्रीय जिम्मेदारी और अपनी चुनावी तैयारियों के साथ वह न्याय नहीं कर पाएंगे। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार शाम जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के आवास पर पहुंचे थे। उससे पहले सीएम आवास पर नीतीश, ललन और वित्त मंत्री विजय चौधरी की मुलाकात हुई थी। तीनों नेताओं के बीच पार्टी के मुद्दों पर चर्चा हुई। इसके बाद नीतीश कुमार जेडीयू अध्यक्ष ललन सिंह को छोड़ने उनके घर गए थे। चर्चा थी कि नीतीश कुमार ललन सिंह से नाराज हैं।

भाजपा से निकटता के चलते आरसीपी सिंह को हटाकर ललन सिंह 31 जुलाई 2021 को जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। दूसरी बार 5 दिसंबर को उन्हें निर्विरोध निर्वाचित किया गया था। अब उन्होंने खुद ही अपने पद से त्यागपत्र देने की इच्छा जताई है। नीतीश कुमार के बेहद करीबी ललन सिंह वर्तमान में मुंगेर से सांसद हैं।

## दिल्ली स्थित इजरायली दूतावास के पीछे धमाके की खबर, चल रही जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में स्थित इजरायली दूतावास के पीछे धमाके की खबर मिलने के बाद दिल्ली पुलिस पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली पुलिस को मंगलवार की शाम को नई दिल्ली जिले में स्थित इजराइल दूतावास के पास विस्फोट की सूचना मिली। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इजराइल दूतावास परिसर के पीछे 'विस्फोट' स्थल के पास इजरायली राजदूत को संबोधित एक पत्र मिला है। नई दिल्ली में इजरायल के दूतावास ने कहा कि हम पुष्टि कर सकते हैं कि शाम 5:10 बजे के आसपास दूतावास के नजदीक विस्फोट हुआ था। दिल्ली पुलिस और सुरक्षा दल अभी भी स्थिति की जांच कर रहे हैं।

# पीएम मोदी के यूट्यूब चैनल पर हुए दो करोड़ सब्सक्राइबर

**एजेंसी/नई दिल्ली**

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक और उपलब्धि जुड़ गई है. पीएम मोदी पूरी दुनिया में पहले ऐसे नेता बन गए जिनके यूट्यूब चैनल पर 2 करोड़ सब्सक्राइबर हो चुके हैं और इस मामले में वो विश्व के किसी अन्य नेता की तुलना में काफी आगे निकल गए हैं। मॉर्निंग कंसल्ट जैसे कई वैश्विक सर्वेक्षणों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 75% से अधिक अप्रूवल रेटिंग के साथ सबसे लोकप्रिय वैश्विक नेता के रूप में दर्जा दिया है, जो उनके वैश्विक समकालीनों से कहीं ऊपर है। दूसरे नंबर पर मैक्सिको के प्रेसिडेंट ओब्राडोर हैं जिन्हें 66 प्रतिशत रेटिंग मिली। जबकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन को 37 प्रतिशत अप्रूवल रेटिंग मिली। दूसरे सबसे अधिक फॉलोअर्स वाले विश्व के नेता ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सनोरा हैं, जिनके 64 लाख फॉलोवर्स हैं। वहीं अगर व्यूज की बात की जाए तो दूसरे नंबर पर यूक्रेन राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की हैं। जिनके दिसंबर 2023 में 22.4 करोड़ व्यूज है।

# बिहार के महागठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर बखेड़ा शुरू, कांग्रेस ने कम से कम 8 सीटें मांगी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

19 दिसंबर को दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक के बाद ये एलान किया गया था कि गठबंधन की पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग तीन सप्ताह में तय कर लिया जायेगा। लेकिन बिहार में सीट शेयरिंग का मामला बिगड़ता जा रहा है। गठबंधन की दो बड़ी पार्टियों राजद और जेडीयू के बीच अब तक कोई बातचीत नहीं हुई है। उधर, कांग्रेस ने कम से 8 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा कर दिया है। कांग्रेस ने इस संभावना पर भी विचार करना शुरू कर दिया है कि अगर गठबंधन में कोई विवाद हुआ तो अकेले लड़ने पर क्या परिणाम हो सकता है।

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस आलाकमान ने मंगलवार को दिल्ली में बैठक बुलायी थी। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने बिहार के प्रमुख कांग्रेसी नेताओं के साथ लगभग तीन घंटे तक बैठक की। खरगे और राहुल गांधी ने बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह, विधायक दल के नेता शकील अहमद खान समेत दूसरे प्रमुख नेताओं के साथ लंबी बातचीत की। लोकसभा चुनाव को लेकर बिहार में पार्टी की संभावनायें और गठबंधन में सीटों की दावेदारी पर हर नेता की राय सुनी गयी।

सूत्रों की मानें तो बिहार के एक नेता ने बैठक में कहा कि राजद और जेडीयू की प्लानिंग है कि कांग्रेस को बिहार में तीन-चार सीट देकर निपटा दिया जाये। पार्टी नेतृत्व को इस पर कोई समझौता नहीं करना चाहिये। बिहार में कांग्रेस के पास खोने को कुछ नहीं है। पार्टी के पास अभी बिहार की एक लोकसभा सीट किशनगंज है।

## वीर बाल दिवस पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया श्रीगुरु ग्रंथ साहिब का स्वागत

# सिख गुरुओं से जुड़े सभी स्थलों का होगा कायाकल्प: योगी

- सिख प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को सिरोपा भेंट करके किया सम्मानित
- हर साल वीर बाल दिवस पर जिला और मंडलस्तर पर साहसी बालकों का किया जाएगा सम्मान

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

वीर बाल दिवस हमें सिख गुरुओं के बलिदान को याद दिलाता है। गुरु गोविंद सिंह के चारों पुत्र धर्म और देश की रक्षा के लिए हंसते-हंसते प्राणों की आहुति दे दी। यह इतिहास युवा पीढ़ी तक पहुंचानी होगी, ताकि वे अपने बलिदानियों की गौरवगाथा के बारे में जानें। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को सीएम आवास में आयोजित विशेष संकीर्तन कार्यक्रम के दौरान कही। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने आवास में गुरु ग्रंथ साहिब का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब को सिर-माथे पर धारण कर उन्हे मुख्यमंत्री आवास में आसीन कराया। इस अवसर सीएम आवास में गुरुवाणी, अरदास एवं लंगर का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री योगी को प्रदेशभर से आए सिख प्रतिनिधियों की ओर से सिरोपा भेंट किया गया।



**चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार:** कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक मंडल और जनपद स्तर पर वीर बालकों का सम्मान किया जाना चाहिए। साथ ही प्रदेश में सिख गुरुओं से संबंधित सभी स्थलों को चिह्नित करते हुए उनके विकास के लिए कार्य किये जाएंगे। सीएम योगी ने गुरु गोविंद सिंह जी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने चार-चार पुत्र देश और धर्म की रक्षा करते हुए बलिदान कर दिए। जब गुरु गोविंद सिंह जी से पूछा गया कि आपके चार पुत्र शहीद हुए, उस समय उनके मुख से यही निकला था कि चार हुए तो क्या हुआ, जीवित हुए हजार। ऐसे कार्यक्रम उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर हैं। उसी क्रम में मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सिख गुरुओं को नमन करने का आज अवसर है।

### अधर्म के सामने नहीं झुके साहिबजादे, दे दी आहूति

सीएम योगी ने कहा कि मां गुजरी के सानिध्य में जो संस्कार साहिबजादों को मिले उसी का परिणाम है कि वे अधर्म के सामने नहीं झुके। धर्म और देश के लिए लड़ते-लड़ते अपने प्राणों की आहूति दी। हर युवा और बच्चे को आज का दिन नई प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और प्रेरणा से दोनों साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के बलिदान दिवस को आज पूरा देश वीर बाल दिवस के रूप में मना रहा है।

R. K. INDUSTRIES OF INDIA
RKI
A Unit of SRCIL | 147/1030 Civil Lines
Oppo- ICICI Bank, Near Circuit House Chowraha , Bareilly 243001 (UP)
Working under Government of Bihar
North Bihar power Distribution Company Ltd.-Bihar
Chief Minister Agricultural Electricity Related Scheme Begusarai Cricle
RKI Industry (Under BREDA) Bihar
Grid Connected Rooftop Solar Power Plant Samstipur
Team
R. K. INDUSTRIES INDIA LIMITED

# खेत घूमने गये किसान का पेड़ से लटका मिला शव, हत्या की आशंका

- गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव स्थित बागीचे की घटना
- परिजनों की ओर से पूर्व के विवाद में लेकर हत्या करने की लगाया जा रहा आरोप

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के गजराजगंज ओपी क्षेत्र के मसाढ़ गांव में खेत घूमने निकले एक किसान की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गयी। सोमवार की शाम घर से निकले किसान का शव मंगलवार की सुबह गांव स्थित बागीचे में आम के एक पेड़ से लटका मिला। शव गमछा के सहारे पेड़ से लटका था। मृतक मसाढ़ गांव निवासी स्व. हरेंद्र सिंह के 45 वर्षीय पुत्र अशोक सिंह थे। परिजन पूर्व के विवाद हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। इधर, पेड़ से लटका शव मिलने से गांव में अपरातफरी और सनसनी मच गयी। सूचना मिलने पर गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की छानबीन की। इसके बाद पुलिस द्वारा शव को नीचे उतारा गया और शव का पोस्टमार्टम कराया गया।

किसान के छोटे भाई अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उनके भाई सोमवार की शाम का करीब साढ़े चार बजे गेहूं की बुआई कराने के सिलसिले में खेत की ओर गये थे। रात तक वह घर नहीं लौटे, खोजबीन की गयी। हालांकि तब उनका कुछ पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह गांव के लोग बागीचे की ओर गए, तो उनका शव एक पेड़ से लटका मिला। उसके बाद ग्रामीणों की ओर से घटना की सूचना दी गयी। छोटे भाई अरुण कुमार सिंह ने पूर्व के विवाद में गांव के ही कुछ लोगों पर उनकी हत्या कर उनके शव को पेड़ से लटकने की आशंका जताई है। हालांकि उसने किसी भी व्यक्ति पर अभी तक किसी प्रकार का कोई आशंका या आरोप नहीं लगाया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। इधर, ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। हत्या और खुदकुशी दोनों ही एंगल से जांच की जा रही है। परिजनों की ओर फिलहाल आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। बताया जा रहा है कि मृत किसान अपने चार भाई और चार बहन में बड़े थे। उनके परिवार में मां आशा देवी, पत्नी शीला देवी, पुत्र अभय,अनु, पुत्री काजल और कंचन है। घटना के बाद उनके घर में हाहाकार मच गया है।

## फरना गांव के समीप खेत घूमने निकले किसान की मिट्टी लदे ट्रैक्टर और जेसीबी से कुचलने से मौत

- पैदल जा रहे किसान को पहले ट्रैक्टर और फिर जेसीबी ने रौंद डाला, मौके पर ही हो गयी मौत

**आरा।** बड़हरा थाना क्षेत्र के फरना गांव के समीप मंगलवार की दोपहर मिट्टी लदे ट्रैक्टर और जेसीबी ने एक किसान को कुचल दिया। उसमें किसान की मौके पर ही मौत हो गयी। उनका शव पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया था। मृतक फरना गांव निवासी स्व. राम लखन सिंह के 45 वर्षीय पुत्र रामजीत सिंह उर्फ इंदल सिंह थे। उनके भतीजा कृष्ण सिंह ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह बधार की ओर गए थे। वहां ट्रैक्टर से मिट्टी ढुलाई का काम चल रहा था। उसी दौरान पहले अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उन्हें कुचल दिया। उसके बाद पीछे से आ रही जेसीबी उन्हें रौंदते हुए निकल गया। उसमें उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि किसान के परिवार में पत्नी रेणु देवी, पुत्र सोनू सिंह और पुत्री छोटी सिंह है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी रेणु देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एक नजर

### जहानाबाद में डायन का आरोप लगा पड़ोसी ने किया परिवार पर हमला, आधा दर्जन लोग घायल

**जहानाबाद।** आज पूरा देश जहां 21वीं सदी में चंद्रमा पर जाने की मनसा पाल रखा है। वही अभी भी ग्रामीण इलाके में डायन जैसी कुप्रथा लोगों के जेहन में कौधं रहा है और इसी को लेकर प्रायः मारपीट की घटनाएं घट रही है। ताजा मामला जहानाबाद के नगर थाना क्षेत्र के बभना गांव का है, जहां डायन का आरोप लगाते हुए एक परिवार पर पड़ोसियों ने हमला करते हुए मारपीट कर दिया। जिसमे महिला समेत आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल जहानाबाद में इलाज के लिए भेजा गया है। घटना की सूचना पाकर नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है। फिलहाल बभना गांव में दोनों पक्षों के बीच गहरा तनाव व्याप्त हो गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बभना गांव के रहने वाली इंदु कुमारी का परिवार पर पड़ोस के लोगों ने डायन होने का आरोप लगाया और अचानक घर पर हमला करते हुए एक ही परिवार के सात लोगों को लाठी डंडा एवं तेज हथियार से मारपीट किया। मारपीट कि इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। जिसमें कई महिलाएं एवं छोटे-छोटे बच्चे भी हैं। इस संबंध में इंदु कुमारी ने बताया कि हम देवी माता के पूजा करते हैं इसी को लेकर पास के रहने वाले कुछ लोगों के द्वारा मुझ पर डायन होने का आरोप लगाते हुए मेरे घर पर हमला किया। हमले के दौरान मेरे पति समेत छोटे-छोटे बाल बच्चे एवं मेरे सास ससुर सभी को लाठी डंडे एवं धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद से मेरे पति गायब हैं। जिनका पता नहीं चल सका है। सभी लोगों का इलाज सदर अस्पताल जहानाबाद में कराया जा रहा है।

### युवा महोत्सव में उप विजेता बना औरंगाबाद



**औरंगाबाद।** जिले सांगीतिक संस्था दानिका के निदेशक डॉ रविंद्र कुमार के नेतृत्व में छपरा में 6 7 8 दिसंबर को राज्य स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया गया था, जिसमें संगीत से संबंधित सारे विधाओं में प्रतियोगिता की गई थी जिसका सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 24.12.2023 को अधिवेशन भवन पटना के प्रांगण में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव एवं कला संस्कृति मंत्री जितेंद्र राय ने दानिका कलाकारों को सम्मानित किया। समूह गायन, समूह नृत्य और लोकगीत एकल प्रतियोगिता में औरंगाबाद उपविजेता बना। समूह गायन में सृष्टि लक्ष्मी , शिवांगी , अंजलि प्रतिमा , विद्या स्वर , ए.आर कुन्दन के साथ डॉ रविंद्र कुमार को सम्मानित किया गया। समूह नृत्य में नीरज पटेल नंदिनी हेमा पाठक आकांक्षा शर्मा दीपसीखा को सम्मानित किया गया। समूह लोकगीत एकल में राघवेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया।

## भोजपुर जिले के सहार थाना क्षेत्र के करवासिन गांव स्थित बालू घाट की घटना

# बालू घाट के रास्ते के विवाद में दो भाइयों में फायरिंग, गोली लगने से किसान जख्मी

- बालू घाट के पूजा के दौरान आपस में भिड़ गए दोनों भाई, छीना-झपटी में राइफल से चली गोली
- घटना की छानबीन और फायरिंग करने वालों की गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**



भोजपुर के सहार थाना क्षेत्र के करवासिन बालू घाट पर मंगलवार की दोपहर रास्ते के विवाद को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। घाट के पूजा के दौरान ही दोनों भाइयों में राइफल तन गयी और फायरिंग होने लगी। उसमें घाट पर बैठे एक किसान को गोली लग गयी। उन्हें दो गोलियां लगी है। एक गोली दाहिने हाथ में लगी है, जो आरपार हो गई है। दूसरी गोली पेट में लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल कराया जा रहा है। जख्मी किसान सहार थाना क्षेत्र के अबगिला गांव निवासी स्व.मंगर सिंह के पुत्र मोहन सिंह हैं। वह बालू घाट घाट में पार्टनर भी बताये जा रहे हैं। वहीं फायरिंग और किसान को गोली लगने के बाद घाट पर अफरातफरी व भगदड़ मच गयी। पूजा देखने घाट पर आये लोग भागने लगे। सूचना मिलने पर सहार थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अपने स्तर से छानबीन की जख्मी किसान के परिजनों और घाट पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली। जानकारी के अनुसार कि करवासिन गांव के भाइयों में घाट के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा है। एक भाई बालू घाट में पार्टनर है। दूसरा भाई भी पार्टनर बनना चाह रहा था। दोनों की जमीन से होकर ही बालू घाट का रास्ता जाता है। मंगलवार की दोपहर घाट की पूजा हो रही थी। उसी दौरान दोनों भाइयों में झगड़ा हो गया और फायरिंग होने लगी। इधर, एसपी प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला कि करवासिन में एक नया बालू घाट चालू हुआ है। मंगलवार की दोपहर घाट की पूजा हो रही थी। उसी दौरान बालू घाट के रास्ते को लेकर दो भाई आपस में उलझ गए। नोंकझोंक होने लगी और दोनों भाइयों में राइफल भी तन गयी। राइफल की छीन-झपट में गोली चल गयी, जो घाट पर मौजूद मोहन सिंह के पेट में लग गयी। उन्होंने बताया कि पूरी घटना में शामिल सभी लोगों को चिन्हित कर लिया गया है। गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित कर दी गयी है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**जख्मी बोला: घाट पर बैठा था, तभी ताबड़तोड़ दो गोली मार दी गयी:** जख्मी मोहन सिंह ने बताया कि मंगलवार की दोपहर वह अन्य लोगों के साथ करवासिन बालू घाट पर बैठे थे। उसी दौरान एक व्यक्ति वहां आया और उन्हें काफी करीब से दो गोली मार दी। उस दौरान उक्त शख्स द्वारा चार राउंड फायरिंग की गयी। वहीं गोली लगने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल लाया गया। उन्होंने किसी भी व्यक्ति से विवाद और दुश्मनी होने से इनकार किया है। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

**गोली लगने से आंत डैमेज, बह गया काफी खून:** इधर, इलाज कर रहे सर्जन डाक्टर विकास सिंह ने बताया कि जख्मी को दो गोली लगी थी। एक गोली उनके दाहिने हाथ में बांह पर लगी थी, जो आरपार हो गई थी जबकि दूसरी गोली उनके पेट के बीचो-बीच लगी थी। वह गोली आंत फंस गई थी। उससे आंत डैमेज हो गया है। वहीं गोली लगने के कारण उनका खून काफी बह गया था। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है। डैमेज आंत को रिपेयर कर दिया गया है। मरीज की बीपी और पल्स स्टेबल है।

## बाइक सवार कारपेंटर की सड़क हादसे में मौत

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाइवे पर गड़हनी थाना क्षेत्र के दुबौली गांव के समीप सोमवार की रात सड़क हादसे में बाइक सवार एक कारपेंटर की मौत हो गयी। सामान की खरीदारी करने के बाद ससुराल जा रहे कारपेंटर को किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया था। इलाज के दौरान पटना के पीएमसीएच में मंगलवार की दोपहर उसने दम तोड़ दिया। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के चतुभुर्जी बरांव गांव निवासी राम दयाल शर्मा का 40 वर्षीय पुत्र सूरज शर्मा था। परिजनों ने बताया कि सोमवार की सुबह वह सामान खरीदने बाइक से गड़हनी गया था। खरीदारी में रात हो जाने के कारण वह उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव स्थित अपने ससुराल आ रहा था। तभी हादसा हुआ।






## मकान बनवा रहे भतीजे को चाचा ने जमीन के विवाद में मारी गोली

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के आयर थाना क्षेत्र के बनकट गांव में मंगलवार की सुबह जमीन के विवाद चाचा ने भतीजे को गोली मार दी। गोली उसके बाएं हाथ में केहुनी के पास लगी है। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक बनकट गांव निवासी स्व. राम दयाल यादव का 40 वर्षीय पुत्र जीतेंद्र यादव है। घटना के बाद गांव में अपना-तफरी और सनसनी मच गई। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है।

जीतेंद्र यादव ने बताया कि उसके चचेरे चाचा शिवजी यादव से पूर्व से जमीन को लेकर विवाद चला आ रहा रहा है। मंगलवार की सुबह वह अपनी जमीन पर मकान बनवा रहा था। तभी उसके चाचा शिवजी अपने बेटों के साथ वहां आए और मकान बनाने से मना करने लगे। इसी बात को लेकर उनके बीच तीखी नोंकझोंक हुई। उसके बाद चाचा ने उसे गोली मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। इधर, सदर अस्पताल में ऑन ड्यूटी चिकित्सक डा. रवि रंजन द्वारा इमरजेंसी वार्ड के माइनर ओटी में ऑपरेशन कर जख्मी युवक के हाथ से गोली निकला गया। उन्होंने बताया कि युवक को गोली बाएं हाथ में लगी थी। ऑपरेशन कर बुलेट निकाल दिया गया है और मरीज की स्थिति अभी बिल्कुल स्टेबल है।

## जश्न मनाने के लिए की थी लूट नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

**केटी न्यूज/आरा**

बक्सर-पटना फोरलेन पर गीधा ओपी क्षेत्र के कायमनगर के समीप शनिवार की रात यूपी निवासी ट्रक चालक से लूटपाट का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया। कायमनगर के चार लड़कों ने नये साल का जश्न मनाने के लिए लूट पाट की घटना को अंजाम दिया था। उसमें एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने सभी चारों बदमाशों को गिरफ्तार भी कर लिया गया है। उनके पास से चालक से छीना गया मोबाइल और लूट में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार लुटेरों में कायम नगर गांव निवासी मो. सोहैल, विष्णु कुमार और बबलू कुमार सहित चार हैं। इनमें सोहैल मुख्य सरगना है। उसने ही चालक को चाकू घोंपा था।

एएसपी चंद्र प्रकाश ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि शनिवार की रात यूपी के बिजनौर निवासी चालक ट्रक लेकर पंजाब से पटना जा रहा था। रात करीब नौ बजे वह कायमनगर पुल के पास ट्रक खड़ा कर आराम कर रहा था। तभी बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया। अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर टीम गठित की गयी थी। टीम में शामिल गीधा ओपी इंचार्ज प्रिया शीला सहित अन्य अफसरों ने काफी अच्छा काम किया। टीम ने तकनीकी सूत्र और लोकल इनपुट के जरिए बदमाशों की पहचान की। उसके बाद बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में सब इंस्पेक्टर अखिलेश तिवारी और अमरेंद्र कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## घर के आगे खड़ी स्कॉर्पियो की चोरी

**औरंगाबाद।** एक स्कॉर्पियो चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात चोरों पर मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मामला नवीनगर थाना क्षेत्र के बसन बिगहा मोड़ की हैं। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। संदर्भ में पीड़ित मदन यादव ने थाना में तहरीर समर्पित कर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडे ने बताया कि घटना की सूचना मिली है।

## दादर गांव मे विश्व कल्याणार्थ किया गया राम कथा का आयोजन

**औरंगाबाद।** गोह प्रखंड के दादर गांव मे विश्व कल्याणार्थ राम कथा का आयोजन किया गया। रामकथा के दौरान जहानाबाद के पूर्व लोक सभा सदस्य, बिहार विधान परिषद् सदस्य अरुण सिंह पहुचे। जहां लोगों को सम्बोधन किया। आयोजक मनोज शर्मा ने बताया कि गोह प्रखंड के दादर ग्राम में राम कथा का आयोजन कई वर्षों से होता आ रहा है। 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा है। इस अवसर पर आयोजित यह कथा के माध्यम से मध्य प्रदेश के सतना से चल कर आए आचार्य सह राम कथा वाचक श्री प. आदित्य नाथ त्रिपाठी ने हजारों की संख्या में आए श्रद्धालु को राम कथा का रस पान कराया। आयोजन में पहुंचे लोजपा नेता अरूण सिंग को स्वामी जी ने चंदन लगाकर फूलों की माला से सम्मान दिया।

## विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



गोह प्रखंड के देवहरा बाजार में स्थित जर्मिनेशन मिशन स्कूल में क्रिसमस डे के अवसर पर विज्ञान शिक्षक सुरेश कुमार के निर्देशन में विद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा विज्ञान प्रदर्शन ,कला प्रदर्शनी एवं फूड स्टॉल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाया गया चंद्रयान-3 किडनी डायलिसिस स्मार्ट विलेज आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। वहीं दूसरी ओर कला प्रदर्शनी में छोटे बच्चों के द्वारा बनाया गया आर्ट एंड क्राफ्ट स्केच पेंटिंग लोगों को मोहित कर रहा था।वही विद्यालय के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने बच्चो व अभिभावकों को सम्बोधित किया।

इस दौरान शिक्षिका मीनाक्षी कुजूर, यमुना माझी, हुमा नाज, पूजा, सोनाली,चांदनी,सजदा, मोनालिसा इत्यादि उपस्थित रहे। शिक्षक प्रदीप कुमार डीयू दास अभिषेक कुमार सर्वेश कुमार सुगंध शरण गैर शैक्षणिक सदस्य अशोक कुमार धान जी का भी योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रबंध निदेशक विष्णु गुप्ता,मनोज गुप्ता,प्राचार्य किरण छेत्री सर ने छात्रों के कार्यों की काफी सराहना की। इस विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से समाज को एक संदेश दिया गया है कि विज्ञान का वास्तविक रूप क्या है तथा विज्ञान हमारे दैनिक जीवन में किस प्रकार लाभकारी साबित हो रहा है। मनोज कुमार ने कहा कि शिक्षा के अलावा खेल, संगीत, नाटक आदि जैसी पाठ्यचर्या संबंधी गतिविधियों में भी बच्चे के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करता है।उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के 4 विद्यार्थी बहुत कम समय में, एक प्रतिस्पर्धी ओलंपियाड में जिला टॉपर रहे।



# बारे को 3-1 से पराजित कर धरौली बना फुटबॉल प्रतियोगिता का विजेता

## बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल प्रतियोगिता

केटी न्यूज/डुमरांव

अनुमंडल के धरौली गांव स्थित हनुमंत कुटीर धाम खेल मैदान पर बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट के बैनर तले मंगलवार को धरौली बिहार बनाम बारे यूपी के टीमों के बीच फुटबॉल टूनामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें धरौली की टीम ने यूपी की बारे की टीम को 3-1 से हराकर विजेता कप पर अपना कब्जा जमाया। विजेता धरौली की टीम को 2 लाख 21 हजार रुपये का चेक व उप विजेता बारे की टीम को एक लाख 21 हजार रुपये का चेक आयोजनकताओं द्वारा दिया गया। इसके पूर्व फाईनल मैच का उद्घाटन भाजपा एमएलसी जीवन कुमार, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह तथा बक्सर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष सह चर्चित शिक्षाविद डा. रमेश सिंह व अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से किया तथा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच को औपचारिक रूप से शुरू कराया। मैच के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का खूब उत्साह बढ़ाया। फाइनल मैच को लेकर सुबह से ही ग्रामीणों व खिलाड़ियों के बीच काफी उत्साह बना था। जैसे ही खेल शुरू हुआ दर्शक शोरगुल और तालियों की गड़गड़ाहट से खिलाड़ियों की हौसलाअफजाई करते रहे। मौके पर दर्जनों गणमान्य मौजूद थे।



### खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर उभारना है लक्ष्य : डॉ. रमेश सिंह

शिक्षाविद् सह बक्सर जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. रमेश सिंह ने कहा कि उनका लक्ष्य जिले के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान दिलाना है। इसके लिए गांव गांव में फुटबॉल की सघन प्रतियोगिताएं करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि बक्सर के खिलाड़ियों में फुटबॉल की प्रतिभाएं कूट कूट कर भरी हैं। जरूरत है उसे तराशने व सही मंच की। कहा कि जिला फुटबॉल संघ युवा खिलाड़ियों को बेहतर मंच उपलब्ध करा रहा है। जल्दी ही इसका परिणाम भी सामने आएगा।

**शुरू से ही कायम था मेजबान टीम का दबदबा:** फाइनल मुकाबले के दौरान मैदान में हजारों दर्शकों की भीड़ जुटी थी। दर्शक करतल ध्वनियों से स्थानीय खिलाड़ियों का हौसला अफजाई कर रहे थे। इस दौरान मेजबान टीम के खिलाड़ियों ने भी दर्शकों के उत्साह को कम नहीं होने दिया। हालांकि हॉफ टाईम तक मैच बराबरी का था तथा दोनों ही टीमें एक-एक गोल दाग चुकी थी। लेकिन मध्याह्न के बाद धरौली के खिलाड़ियों के आपसी तालमेल व चुस्ती के आगे मेहमानों की एक न चली और निर्धारित समय तक स्कोर 3-1 हो गया था।

**फुटबॉल व कुश्ती से होती थी गांवों की पहचान: जीवन कुमार:** मुख्य अतिथि जीवन कुमार ने कहा कि फुटबॉल व कुश्ती सदियों से भारत के गांवों के प्रसिद्ध खेल रहे है तथा पहले गांवों की पहचान फुटबॉल व कुश्ती से ही होती थी। उन्होंने इस आयोजन के लिए आयोजकों को साधुवाद दिया तथा कहा कि खेल के विकास के लिए वे सदैव तत्परह रहते है।

## एक नजर

### नई चेतना को ले जीविका दीदियों ने की बैठक



**केसठ।** प्रखंड में नारी सशक्तिकरण को लेकर नई चेतना अभियान की शुरूआत नया बाजार स्थित जीविका कार्यालय में की गई। इसके लिए जीविका दीदियों की एक बैठक मंगलवार को आयोजित गई। बीपीएम धर्मवीर कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जीविका व सामाज कल्याण विभाग की ओर अभियान की शुभारंभ की गई। बैठक की शुरूआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई। नई चेतना अभियान के तहत अधिकारियों ने जीविका से जुड़ी महिलाओं को सशक्त बनाने, घरेलू हिंसा रोकने, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ व बाल विवाह रोकने से संबंधित जानकारी दी। बैठक में बताया गया कि जीविका के माध्यम से नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। बैठक के पहले दिन जीविका दीदियों को उनके अधिकार के बारे में बताया गया। महिलाओं को सरकारी योजनाओं के लाभ लेने के लिए बनाए गए प्रखंड स्तरीय जीविका दीदी अधिकार केन्द्र के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक के दौरान जीविका दीदियों ने सखी वार्ता, रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से अपने फन का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बीपीएम ने कहा कि वर्तमान समय में नारी अबला नहीं है, बल्कि हमारे समाज के बदलते समाजिक व आर्थिक परिस्थितियों में स्वयं अपनी अलग पहचान बना रही हैं। महिलाएं जीविका समूह से जुड़कर रोज नये-नये कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि लैंगिक समानता एवं लिंग आधारित हिंसा को रोकने के लिए जीविका दीदियों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने दीदियों से अपील करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के आस पास महिलाओं पर हो रहे प्रताड़ना के रोकने के खिलाफ जागरूकता रैली चलाने तथा उन्हें न्याय दिलाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में सभी जीविका दीदियों को लिंग आधारित भेद भाव उन्मूलन के लिए शपथ दिलाई गई। मौके पर सोनू कुमार सिंह, पुष्पा कुमारी, बलिराम कुमार, रविशंकर, विनय, संजय, माला, शोभा, शांति, सिकंदर सहित सैकड़ों जीविका दीदी और कर्मी मौजूद थे।

### जमीन विवाद में दो पक्ष भिड़े, हवाई फायरिंग

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के कुलमनपुर गांव में जमीनी विवाद में हवाई फायरिंग होने की मामला प्रकाश में आया है। हालांकि फायरिंग से किसी तरह की हताहत नहीं हुई है। पर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बाद गांव में आफारातफरी मच गई। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के कुलमनपुर गांव निवासी भोला यादव और अयोध्या यादव के बीच काफी दिनों से जमीनी विवाद चल रहा है। उसी जमीन पर एक पक्ष द्वारा गेंहू की बुआई की जा रही थी। तभी दूसरा पक्ष वहां पहुंच रोक लगाने लगा। जिसके बाद दोनों पक्षों के लोग आमने सामने हो गए। दोनों पक्ष के बीच कहासुनी से शुरू हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। जिसके बाद एक पक्ष द्वारा हवाई फायरिंग किया गया। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि इस तरह का कोई मामला संज्ञान में नही आया है।

### शराब के नशे में पुलिस ने दो को दबोचा

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस ने नशे की हालत में शहर के अलग-अलग मोहल्लों से दो शराबियों को अपने गिरफ्त में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस की टीम दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की है। पकड़े गये आरोपी की पहचान मतहयिया नीम मोहल्ले के रहने वाले रवि कुमार और निमेज टोला निवासी सूरज कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ मद्य निषेध अधिनियम का मामला दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## खबरें फटाफट

### नई बाइक की पूजा करा लौट रही महिला की सड़क दुर्घटना में मौत

**चौगाई।** मंगलवार को मुरार थाना क्षेत्र के मसर्हियां गांव के पास एक अमंगल घटना में एक महिला की जान चली गई। महिला एक दिन पहले खरीदी गई बाइक की पूजा करा ब्रह्मपुर के बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ शिवमंदिर से अपने गांव लौट रही थी। मसर्हियां गांव के पास सड़क पर बने अवैध स्पीड ब्रेकर पर बाइक उछल गई। जिससे पीछे बैठी महिला सड़क पर जा गिरी तथा उसे सर के पिछले हिस्सें में गंभीर चोटें आई। आस पास में मौजूद लोगों ने उसे तत्काल इलाज के लिए चौगाईं सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। मृतका की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के जिगना गांव निवासी नागेन्द्र सिंह की 35 वर्षीय पत्नी आरती देवी के रूप में हुई है। जबकि बाइक चला रहे उसके पति तथा बेटा व बेटी सुरक्षित हैं। जानकारी के अनुसार एक दिन पहले ही उनके घर नई बाइक आई थी। जिसका पूजा बाबा ब्रह्मेश्वर मंदिर में कराने के बाद महिला अपने परिवार के साथ जिगना लौट रही थी। इसी बीच हादसे का शिकार हो गई।

### देशी कट्टा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पड़रिया पेट्रोल पंप के पास से देशी कट्टा व फाइटर के साथ एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वही दो बाइक भी जब्त किया है। गिरफ्तार युवक से पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया है। गिरफ्तार युवक परमानपुर गांव निवासी धीरज यादव बताया जाता है। बताया जाता है पुलिस को सूचना मिली थी कि पेट्रोल पंप के पास ओवरब्रिज पुल पर असमाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। सूचना पर पुलिस ने उक्त स्थान पर गश्ती बढ़ा दिया था। जैसे ही उक्त स्थान पर युवकों की जमावड़ा लगा पुलिस पहुंच गई। पुलिस देखकर युवक भागने लगे। तभी धीरज को पुलिस ने पकड़ कर तलाशी लिया। तलाशी में उसके पास से एक देशी कट्टा, एक फाइटर, एक मोबाइल एवं दो बाइक पुलिस के हाथ लग गई।

## ग्वालियर में सीआरपीएफ में था तैनात, ड्यूटि के दौरान हार्ट अटैक से मौत

# कर्तव्य पथ की बलि वेदी पर चढ़ा डुमरांव का लाल, पार्थिव शरीर आते मची चित्कार

केटी न्यूज/डुमरांव

क्रांतिकारियों व बलिदानियों की धरती डुमरांव का एक और लाल देश सेवा के कर्तव्य पथ की बलि वेदी पर चढ़ गया है। सोमवार को शव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि शहरवासियों का हुजूम उसके दरवाजे पर उमड़ पड़ा था। लोग उसके अमर होने का जयकारे लगा रहे थे। कर्तव्य पथ की बलि वेदी पर चढ़ने वाले सीआरपीएफ के कमांडो राजन यादव उम्र 40 वर्ष डुमरांव के विनोद यादव उर्फ भोला यादव के पुत्र थे। वे मूलरूप से डुमरांव पश्चिमी तिवारी टोला के रहने वाले है जबकि उनका परिवार वर्तमान में गौशाला रोड में रहता है। जानकारी के अनुसार वे सीआरपीएफ के 41 वी बटालियन ग्वालियर में कमांडो के पद पर पोस्टेड थे। जहां 24 दिसंबर की शाम सांस लेने में परेशानी की शिकायत पर उन्हें साथी जवान इलाज के लिए अस्पताल ले गए। जहां इलाज के दौरान ही उन्होंने अंतिम सांसे ली। इस मनहूस खबर के मिलते ही परिवार में क्रंदन चित्कार मच गया। वही मंगलवार को उनका पार्थिव एंबुलेंस से लाया गया। साथ में उनके कंपनी के जवान भी आए थे। जहां जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर प्रस्तुत किया।



### अजीब संयोग, जन्मदिन पर ही दुनिया को कहा अलविदा

बता दें कि मृत जवान राजन का जन्मदिन भी 24 दिसंबर को ही था और इसी दिन मौत का बलावा भी आया। सुबह से घर में उनके जन्मदिन को लेकर उत्साह था, लेकिन शाम होते ही यह खुशी मातम में बदल गई थी। जवान का शव आते ही सबसे खराब स्थिति उसकी मां अंजू देवी व पत्नी माया देवी का था। दोनों के आंसू थमने के नाम नहीं ले रहे थे। जवान का एक पुत्र जतीन कुमार है जो अभी नाबालिग है तथा डीएवी पब्लिक स्कूल का छात्र है। वहीं एक छोटा भाई रणजीत रेलवे में कार्यरत है तथा उसकी पोस्टिंग हैदराबाद में है। इस घटना की जानकारी होते ही रणजीत भी हैदराबाद से डुमरांव पहुंच गया है। भाई की मौत से वह पूरी तरह से टूट चुका है। जबकि पिता भोला यादव को मानो काठ मार गया हो। घर में हर किसी का रो-रोकर बुरा हाल है।



### मुक्तिधाम में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ किया गया अंतिम संस्कार

मंगलवार को जवान का अंतिम संस्कार बक्सर चरित्रवन स्थित मुक्तिधाम में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। उसके साथ आए सीआरपीएफ 71 वी बटालियन के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर पेश कर उसे अंतिम विदाई दी। इसके पहले जवान के शवयात्रा में पूरा शहर उमड़ पड़ा था। लोग उसके जयकारे लगा रहे थे तथा शव पर पुष्प वर्षा कर रहे थे।

## एसडीपीओ ने लोगों को नाबालिग के हाथों बाइक नहीं देने का दिया संदेश



केटी न्यूज/नावानगर

एनएच 319 स्थित सोनवर्षा ओपी के महादेवगंज में वाहन जांच अभियान के दौरान एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने नाबालिग के हाथों बाइक नहीं देने का संदेश लोगों को दिया। साथ ही बाइक से सफर करने के दौरान कागजात के साथ हेलमेट पहनने का अपील किया। इसका पालन नहीं करने पर जुमार्ना के साथ कार्रवाई की बात कहा। हालांकि वाहन जांच के दौरान एसडीपीओ ने दर्जनों बाइक को पकड़ा था। पकड़े गए बाइक चालक के पास किसी के पास कागजात तो किसी के पास हेलमेट नहीं था। बाद में कई बाइक चालक द्वारा कागजात दिखाने के बाद छोड़ दिया गया। जबकि दस बाइक चालक से 8 हजार रुपए की जुमार्ना वसूला गया। एसडीपीओ द्वारा वाहन जांच अभियान से क्षेत्र के वाहन चालकों में हड़कंप मचा हुआ था।

## वाहन के धक्के से पश्चिमी गुमटी का बूम टूटा, घंटों लगा रहा जाम



केटी न्यूज/डुमरांव

दानापुर-बक्सर रेलखंड के डुमरांव रेलवे पश्चिमी गुमटी पर मंगलवार की सुबह करीब दस बजे तेज रफ्तार वाहन के धक्के से रेलवे गुमटी का बूम टूट गया। बूम टूटने से करीब डेढ़ घंटे तक सड़क मार्ग पर परिचालन ठप रहा। इस दौरान वाहन चालकों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पुराना भोजपुर से त्रिमुहानी सड़क तक के दोनों तरफ वाहनों का जाम लग गया। कई वाहन रास्ता बदलकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे। बाद में आये रेलवे के टीम ने टूटे बूम की मरम्मत कर परिचालन को चालू किया। बताया जाता है कि पश्चिमी गुमटी का गेटमैन बूम को बंद कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन बूम से टकरा गया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक भाग निकला। गेटमैन ने तत्काल इसकी सूचना स्टेशन प्रबंधक को दी। प्रबंधक ने टेक्नीशियन टीम को बुलवाया। टेक्नीशियन टीम ने बूम को मरम्मत कर आवागमन शुरू कराया।







## डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित

# केशोपुर व महदह मॉडल गांव के रूप में किए जाएंगे विकसित

केटी न्यूज/बक्सर

मंगलवार को डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टॉस्क फोर्स की बैठक समाहरणालय परिसर स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। समीक्षा के क्रम में डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी को जैविक कोरिडोर योजना अंतर्गत चयनित सिमरी प्रखंड के केशोपुर व सदर प्रखंड के महदह गांव को कृषि विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का स्थल निरीक्षण करते हुए दोनों गांव को मॉडल ग्राम के रूप में विकसित करने को कहा। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि डीबीटी सेल से 320 फॉयर प्वाईंट प्राप्त हुआ है। जिसमें 271 कृषकों को चिहिन्त कर आईडी ब्लॉक की कार्रवाई की जा चुकी है। जिसके आलोक में निदेश दिया गया कि शेष किसानों को चिन्हित कर 24 घंटे के अंदर विभागीय नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय। पराली प्रबंधन के लिए कृषकों को पराली प्रबंधन यंत्र खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उद्यान विभाग की समीक्षा के दौरान डीएम ने असंतोष व्यक्त किया गया। बता दें कि समीक्षा के दौरान डीएम को जानकारी मिली कि सूक्ष्म सिंचाई योजना अंतर्गत लक्ष्य 700 एकड़ के विरूद्ध मात्र 129 एकड़ ही उपलब्धि प्राप्त है। जबकि वितीय वर्ष समाप्ति में बहुत ही कम समय बचा है। इस संबंध में जिला उद्यान पदाधिकारी बक्सर से स्पष्टीकरण की मांग की गई। वहीं डीएम ने निर्धारित समय में इसे पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में भूमि संरक्षण के क्षेत्र में शिथिलता बरतने पर विभाग के सहायक निदेशक से स्पष्टीकरण पूछा गया।



### पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि जिले में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। डीएम ने निदेश दिया कि जीरो टॉरलेंस नीति का अनुपालन करते हुए निर्धारित मूल्य पर किसानों को उर्वरक वितरित किया जाय। प्रतिदिन किसानों के द्वारा उर्वरक उठाव का प्रतिवेदन साथ ही जिला अंतर्गत थोक उर्वरक विक्रेताओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश भी डीएम ने जिला कृषि पदाधिकारी को दिया। वही जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक लंबित ई केवाईसी वाले कृषि समन्वयक पर कार्रवाई की जा चुकी है। प्रखंड स्तर पर सबसे अधिक लंबित ई केवाईसी रखने वाले कृषि समन्वयकों को चिन्हित किया जा रहा है। डीएम ने विशेष कैम्प का आयोजन कर लंबित आवेदनों को शत-प्रतिशत पूर्ण कराने का निर्देश जिला कृषि पदाधिकारी को दिया।

# रात के अंधेरे में वीर अब्दुल हमीद सेतु से ओवरलोड वाहनों का हो रहा आवागमन

♦ पुलिस की मिलीभगत से चल रहा रात के अंधेरे में खेल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

तमाम प्रयासों के बावजूद हमीद सेतु से ओवर लोडेड भारी वाहनों का आवागमन पुलिस की मिली भगत से बेधड़क रात के अंधेरे में बदस्तूर जारी है। पुलिस को न तो सीसीटीवी कैमरे का, ना ही आलाधिकारियों की कार्रवाई का खौफ है। इस कारण सेतु के टाप फ्लोर की उपरी सतह जो कांक्रीट की है वह टूटने लगी है। मुख्य एप्रोच के ज्वांटर के समीप इन वाहनों के दबाव से गड्ढा होने लगा है। इसके चलते इन भारी वाहनों के गुजरते समय सेतु में कम्पन भी महसूस की जा रही। लोगों ने कहा कि यही हालात रहे तो भविष्य में कभी भी यह सेतु को क्षतिग्रस्त होने से रोका नहीं जा सकता है। मालूम हो कि सेतु की कमजोर हालात को देखते हुए डीएम के निर्देश पर एनएचएआई ने दोनों तरफ लोहे का हाइटगेज वैरियर व सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए थे, जो पूरी तरह से शोपीश साबित हो रहे हैं।



लोगों ने मांग किया कि अगर इन ओवरलोड वाहनों का संचालन सेतु से बंद नहीं किया गया तो लोग सड़क पर उतरने को विवश होगें। इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। लोगों ने बताया कि पुलिस ने पुल से होकर गुजरने वाले वाहनों के लिए निर्देश दिया है, जो भी सामान लेकर जाना हो त्रिपाल से पूरी तरह से ढंककर ले जाया जाए। ताकि यह न पता चले कि ओवरलोड ट्रेलर, डीसीएम आदि वाहनों पर कौन सा सामान लदा है । क्षेत्रीय लोगों ने बताया पुल से होकर गुजरने वाले सभी तरह के भारी वाहनों को पुलिस पुल से काफी दूर सीमावर्ती थाने के समीप सड़क किनारे वाहन को बिहार व जमानियां की तरफ उनका मूवमेंट करा खड़ा करवाती है।

ताकि लोगों व पुलिस के आलाधिकारियों को यह अंदाजा न होने पाए कि यह वाहन किधर को जाएंगें। रात्रि दस बजते ही इसमें संलिप्त पुलिस कर्मी व अन्य बिचौलिए पूरी तरह सक्रिय हो उठते हैं व सबसे पहले हमीद सेतु के दोनों तरफ सुहवल, रजागंज, सुखदेवपुर लोकेशन सही मिलते ही धीरे -धीरे यह ओवरलोड वाहन पुल पर बेखौफ फरार्टा भरते हुए गुजरते हैं। इसके ऐवज में लोगों ने बताया कि मोटी रकम भी उपलब्ध कराई जाती है। इसके पहले यह सेतु ओवरलोड वाहनों के चलते आधा दर्जन बार क्षतिग्रस्त होने से आवागमन के लिए महीनों बंद किया जा चुका है।

उधर सुबह होने से पहले ही पुलिस अपने को पाक साफ दिखाने में जुट जाती है। इस संबंध में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण वाराणसी के पीडी आरएस यादव ने बताया कि ओवरलोड वाहनों से सेतु को नुकसान पहुंच सकता है। इसको लेकर वह खुद डीएम से मिलेगें। एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र कुमार ने बताया कि इसकी जांच कर संबन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें फटाफट

### फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

**गाजीपुर।** रेवतीपुर थाने की पुलिस ने महीनों से फरार चल रहे तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार विभिन्न कांडों के अभियुक्त को कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। कोर्ट के आदेश पर तीन वारंटी मुंशी राम, वीजमल एवं दुबरी राजभर को उधरनपुर गांव से गिरफ्तार किया गया। उनका मेडिकल होने के उपरांत उन्हें सक्षम न्यायालय में पेश किया गया। जहां से तीनों को जिला कारागार भेज दिया गया। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष राजीव कुमार त्रिपाठी ने दी।

### घर में घुसकर बांसफोर परिवार को पीटा

**गाजीपुर।** बिरनो थाना क्षेत्र के एक बांसफोर परिवार को दबंगों ने घर में घुसकर मार-पीट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ितों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गयाराम बांसफोर पुत्र पतरू बांसफोर निवासी पांडेयपुर राधे शनिवार की देर शाम अपने घर से बाइक द्वारा कहीं जा रहे थे कि सड़क पर खड़े गांव के ही कुछ युवकों पर गंदा पानी का छींटा पड़ गया। इससे दबंग युवकों ने बांसफोर के घर में घुसकर मारपीट की और फरार हो गए। घटना में पंकज राजभर, विपुल राजभर, कृष्णा राजभर, मिथिलेश राजभर जख्मी हो गये है।

### ऑटो-रिक्शा से भिड़ी कार, पति-पत्नी घायल

**चंदौली।** थाना क्षेत्र के इंडियन ऑयल डिपो के समीप जीटी रोड पर मंगलवार की अल सुबह कार व ऑटो की टक्कर में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलावस्था में स्थानीय लोगों ने दोनों को इलाज के लिए एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार अलीपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 5 बिछड़ी निवासी नरेश सोनकर 35 वर्ष अपनी पत्नी दुलारी देवी 32 वर्ष के साथ पड़ाव स्थित एक मठ पर ऑटो से गये थे। वापस लौटते समय जैसे ही इंडियन ऑयल डिपो अलीनगर के पास पहुंचा कि डिपो के ही अधिकारी व अन्य इंचार्ज के साथ पहुंचकर तेज रफ्तार में कार मोड़ा जिससे कर ऑटो से टकरा गयी ।ऑटो में सवार दोनों पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए।

### पॉक्सो एक्ट का आरोपी गिरफ्तार

**गड़वार।** पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के आरोपी को हनुमान मंदिर तिराहे के पास से मंगलवार की दोपहर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी का नाम प्रिन्स कुमार तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी देवपुर थाना रघुनाथपुर जनपद सीवान बिहार का रहने वाला है। आरोपी प्रिंस कुमार के खिलाफ गड़वार थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी हनुमान मंदिर तिराहे के पास से खड़ा है। तभी मौके पर पहुंचकर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गड़वार थानाध्यक्ष संजय शुक्ल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में अनुसूचित जनजाति हेतु 1204 सीटें हैं आरक्षित

# समय पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने पर अभ्यर्थियों का फूटा गुस्सा

♦ उप्र पुलिस भर्ती 2023-24 हेतु आवेदन करने से वंचित हो जाने का है संकट खड़ा

**केटी न्यूज/बलिया**

गोंड, खरवार को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी न किए जाने के विरोध में ऑल गोंडवाना स्टूडेंट्स एसोसिएशन के बैनर तले समाज के लोगों ने मंगलवार की दोपहर कलेक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन किया। बताया कि उप्र पुलिस भर्ती में अनुसूचित जनजाति हेतु 1204 सीटें आरक्षित है। लेकिन प्रमाण पत्र जारी न होने के कारण बच्चे फार्म भरने से वंचित रह जाएंगे।



उप्र पुलिस भर्ती में अनुसूचित जनजाति हेतु 1204 सीटें आरक्षित है। भारत के राजपत्र संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश संशोधन अधिनियम-2002 द्वारा बलिया जिले में निवास करने वाले गोंड, खरवार समुदाय को अनुसूचित जनजाति के रूप में मान्यता दी गयी है। शासनादेश द्वारा भी इन्हें (एसटी) जाति प्रमाण जारी करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुपालन में गोंड, खरवार को अनुसूचित जनजाति का प्रमाण-पत्र जारी होता रहा है। लेकिन इस समय वर्तमान में आनलाइन आवेदन करने पर लेखपालगण व तहसीलदार साहब द्वारा आवेदन निरस्त कर दिया जा रहा है। अनावश्यक रूप से परेशान व उत्पीड़न किया जा रहा है। जाति प्रमाण-पत्र के अभाव में जनजाति गोंड, खरवार समुदाय के नौजवानों को उप्र पुलिस भर्ती 2023-24 हेतु आवेदन करने से वंचित हो जाने का संकट खड़ा हो गया है। आक्रोशितों ने जिला प्रशासन पर निशाना साधते हुये कहा कि कर्मी समय पर अपना कार्य पूरा नहीं कर रहे है। जिस कारण अभ्यर्थियों को समय पर उनका प्रमाण नहीं मिल पाया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता प्रवीण कुमार गोंड, संजय गोंड, आईपीएस के जिलाध्यक्ष सुरेश, जिउत जी गोंड, अलगू गोंड, बेचू गोंड, लाल जी गोंड प्रधान, संजीत गोंड प्रधान, शिवशंकर खरवार, मुलायम गोंड, सुचित गोंड, सुदेश शाह, आजाद गोंड, अवनिश कुमार, सत्यम गोंड, राहुल खरवार, प्रदीप कुमार गोंड, अंकित खरवार, सचिन कुमार, सोनू गोंड, ऋतिक शाह, दीपक गोंड, ओमप्रकाश गोंड, सतीश गोंड रहे।

## आज पूरा विश्व गंगा किनारे से उत्पादित देव अन्न मिलेट्स की तरफ देख रहा है: मस्त



**बलिया।** जनपद में देव अन्न का क्षेत्रफल सर्वाधिक क्षेत्रफल है। वर्षों पहले से जनपद बलिया देव अन्न का उत्पादन करता आ रहा है। जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा विश्व स्तर पर प्रसारित किया जा रहा है। आज पूरा विश्व गंगा किनारे से उत्पादित देव अन्न मिलेट्स की तरफ देख रहा है। उक्त बातें सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि भवन परिसर में आयोजित दो दिवसीय क्षमतावर्धन कार्यशाला में किसोना को संबोधित करते हुए कही। कार्यशाला का उद्घाटन सांसद वीरेन्द्र सिहं मस्त के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि क्षेत्र के समस्त तकनीकी कार्मिकों एवं कृषि विभाग के अधिकारी के साथ जनपद के किसानों का श्री अन्न उत्पादन, मूल्य संवर्धन, विभिन्न प्रकार उत्पादों और उसके प्रयोग पर क्षमता वर्धन किया गया। कार्यक्रम में वीरेन्द्र सिहं के द्वारा श्री अन्न को देवअन्न कहकर सम्बोधित किया गया। मिलेट्स के उत्पादन में जनपद बलिया में कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे प्रयासो की सराहना करते हुये जनपद के किसानों को सांसद मस्त ने धन्यवाद दिया। क्षमतावर्धन कार्यशाला में उप निदेशक कृषि मनीष कुमार सिहं, जिला कृषि अधिकारी पवन कुमार प्रजापति, कृषि विज्ञान केन्द्र सोहावं के वैज्ञानिक डा अभिषेक कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## गर्दन पर चाकू रख लाखों के गहने व सामान ले भागे चोर



**केटी न्यूज/ हल्दी**

हल्दी थाना क्षेत्र के बीबीगंज सोनवानी में सोमवार की रात चोरों ने एक घर में घुसकर महिला के गले पर चाकू रख चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घर में घुसे चोर गहना व कपड़े लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को आवेदन दिया है। पुलिस के अनुसार बीबीगंज सोनवानी निवासी सहजाद अली पुत्र बिकाऊ बाहर में प्राइवेट नौकरी करता है। उसके घर में रात करीब साढ़े 12 बजे बजे घर के खिड़की की जाली तोड़कर चोर कमरे में घुस गए और आलमारी खोलने लगे। आवाज सुन रुखसाना खातून जग गई। रुखसाना को जगा देख चोरों ने उसके गले पर चाकू रख उसके मुंह व हाथ-पैर को कपड़े से बांध दिया तथा आराम से अलमारी पर रखें बक्से को उतार कर उसका ताला तोड़ उसमें रखा सोने और चांदी का आभूषण ले भागे। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस उप-महानिरीक्षक आजमगढ़ ने किया दोहरीघाट थाने का वार्षिक निरीक्षण

♦ थानाध्यक्ष कल्पना मिश्र ने दी सलामी

**केटी न्यूज/मऊ**

दोहरीघाट थाना का वार्षिक मुआयना ड़ी आई जी आजमगढ़ ने तय कार्यक्रम पर पहुंच कर किया । थानाध्यक्ष कल्पना मिश्र ने गार्ड की सलामी का नेतृत्व किया । पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा सर्वप्रथम शस्त्रागार का निरीक्षण किया गया जहां पर अस्त्रशस्त्रो की साफ सफाई सही पाई गई। उसके उपरांत आफिस, तथा मालखाना गार्ड रूम भोजनालय,बैरक तथा नव निर्माण हो रहे बैरकों का गहन निरीक्षण किया गया। उप महानिरीक्षक ने आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किये। पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा साफ सफाई तथा पेय जल पर सन्तुष्टि ब्यक्त की गयी । विवेचना फाइनल रिपोर्ट के बारे भी गहन जांच पड़ताल की गई।



असमाजिक अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखने, अपराधी प्रवित्ति के लोगों की पहचान कर कड़ी कार्यवाही करने, महिला सम्बन्धी मामलो में त्वरित कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिये। अफहवाह वाजो के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही करने के निर्देश पारित किए। उपस्थित लोगों से मुखातिब होते हुए कहा कि यदि कोई समस्या हो तो बताये। इस थाने की कल्पना मिश्र पहली महिला थानाध्यक्ष है इनको कानून ब्ययवस्था में क्षेत्रीय नागरिक सहयोग करे , व्यापारिक वर्ग के लोग जाम की समस्या से निजात हेतु अपने दुकानों के आगे कोई दुकान न लगवाए ,जाम की समस्या कारण यह भी है। वार्षिक मुआयना के समय पुलिस अधीक्षक मऊ अविनाश पांडेय सहित अन्य मौजदू थे।

## सरकार की मंशा है कि इस तरह के लोगों का इलाज नि:शुल्क हो, मिले सभी तरह की सुविधा

# मानसिक रोग शिविर में 187 लोगों का हुआ नि:शुल्क इलाज

**केटी न्यूज/चंदौली**

चहनियां स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 रितेश कुमार के देखरेख में मानसिक रोग शिविर का आयोजन हुआ । जिसका उद्घाटन फीता काटकर प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने किया। उद्घाटन के बाद शिविर में जिला अस्पताल से मानसिक रोग विशेषज्ञ डा0 नितेश कुमार मनोचिकित्सक, डा0 अजय कुमार क्लिनिकल साइकोलॉजी, डा0 अवधेश कुमार द्वारा 187 लोगों का जांच व दवा का वितरण हुआ। इस दौरान प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल ने कहा कि अतिपिछड़ा ब्लाक होने के कारण यहां मानसिक रोग शिविर का आयोजन शुरू हो गया है । जो हर वर्ष होता तो जरूर है किंतु इस बार भव्य ढंग से हुआ है । जिसके लिए लोगो को जिला मुख्यालय या फिर बाहर जाना पड़ता था । अब यही इलाज होगा । प्रदेश सरकार द्वारा इस तरह की सुविधा अतिपिछड़ा इलाको में किया जा रहा है। मनोचिकित्सक डा0 नितेश कुमार ने कहा कि यहां मानसिक शिविर में मानसिक रोगी जैसे घबराना, उल्टी सीधी हरकत करना, मन खराब रहना इस तरह कि आदि हरकते करने वाले रोगियों का इलाज किया जा रहा है ।



कैम्प के बाद जो लोग मानसिक रोगियों का इलाज प्राइवेट हॉस्पिटलों में बहुत ही महंगा होता । सरकार की मंशा है कि इस तरह के लोगों का इलाज निशुल्क हो । जो भी इलाज कराना चाहते है। वह आकर अपना इलाज करा सकता है। क्योंकि सबसे बड़ी सेवा मानवता की सेवा है। इसमें किसी भी पीछे नहीं पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला चिकित्सालय में हर हप्ते सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को हमलोग ओपीडी में बैठते है । यहां हर बड़े से बड़ा जांच व दवा निशुल्क है ।इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 रितेश कुमार, डा0 अनुराग यादव, डा0 शिशिर मिश्रा, फार्मासिस्ट मुकेश कुमार सिंह, जे पी सिंह, राकेश प्रताप सिंह, अशोक श्रीवास्तव, रोशन आरा, इंद्रमणि सिंह आदि उपस्थित थे ।

## एक नजर

### जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल ने दी श्रद्धांजलि

**गाजीपुर।** जम्मू -काश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा मुहम्मदाबाद विकास खंड के हाटा गांव पहुंचकर इफको निदेशक विजय शंकर राय के बड़े भाई स्व० विजय बहादुर राय के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। एलजी सिन्हा शोक संतप्त परिवार में जाकर उनके पुत्र मोहनपुरा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य व डीसीबी के निदेशक रवींद्रनाथ राय सहित परिजनों से मिलकर सान्तवना प्रदान किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री विजय मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णविहारी राय,भानू प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख अवधेश राय, विरेन्द्र राय, कृष्णानन्द राय, नथुनी सिंह, विशाल राय, रजनीकांत राय, कृपाशंकर राय आदि लोग मौजूद रहे।

### धान क्रय केंद्र पर चार दिनों से लटका ताला

**गाजीपुर।** नवली गांव स्थित राजकीय धान क्रय केंद्र चार दिनों से बंद चल रहा है। इसके चलते किसानों को अपने धान की बिक्री के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। किसान अपने उत्पाद को औने-पौने दाम में बेचने को मजबूर हैं। लोगों ने बताया कि अगर यही हाल रहा तो धरना प्रदर्शन जो मजबूर होगें जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ऐसे में उन्हें नहीं सूझ रहा कि वह अपनी उपज को लेकर कहां जाएं। किसानों का कहना था कि वह धान बेचने के लिए ऑनलाइन विभाग के पोर्टल पर सैकड़ों किसान पंजीकरण करा चुके हैं और क्रय केंद्र पर प्रतिदिन जाने के बाद भी क्रय केंद्र पर ताला लटक रहा है। इस संबंध में जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अनुराग पांडेय ने कहा कि नए प्रभारी की तैनाती कर दी गई है। बुधवार से केंद्र नियमित तरीके से खुलेगा।

### डंफर-ट्रक की टक्कर, डंफर चालक जख्मी

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआ गोदाम तिराहा स्थित फोरलेन पर सोमवार की देर रात ट्रक और डंफर की आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें क्षतिग्रस्त डंफर में दबने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से दो घंटे की मशक्कत के बाद घायल चालक को डंफर से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बढ़ुआ गोदाम तिराहा स्थित फोरलेन पर सोमवार की देर रात डंपर और ट्रक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें डंपर चालक तौफीक अली उम्र 30 वर्ष पुत्र नजीर खान गंभीर रूप से जख्मी हो गया। चालक बिहार राज्य के भभुआ जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र के कोटिसा गांव का निवासी है। वह सोमवार बिहार से मोरंग लादकर गोरखपुर ले जा रहा था। अभी वह बढ़ुआ गोदाम तिराहे पर पहुंचा ही था कि सामने से आ रही अनियंत्रित ट्रक से उसकी डंफर में जोरदार टक्कर मार दिया। पुलिस ने दो घंटे की मशक्कत के बाद डंपर काटकर चालक को बाहर निकाल और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने वाराणसी के लिए रेफर कर दिया। वहीं दूसरी ओर घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया।

### बिल सुधार शिविर में उपभोक्ताओं को मिला लाभ

**मऊ।** विद्युत विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर चलाई जा रही 31 दिसंबर तक एक मुफ्त समाधान योजना के क्रम में मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र मोहम्मदाबाद गोहाना ,करहा एवं वलीदपुर में विशेष शिविर लगाकर तीनों स्थानों से 190 उपभोक्ताओं को इसका लाभ दिया गया। इस मौके पर एसडीओ विद्युत नीरज कुमार ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ता इस योजना का लाभ प्राप्त कर अपने बिलों को भी सुधार कर सकते हैं ।इस दौरान 14 बड़े बकायदारों के विद्युत कनेक्शन काटते हुए 6 नए मीटर, दो परिवर्तन ,8 नए कनेक्शन तथा 12 विद्युत उपभोक्ता के खराब बिलों को सही कराया गया एवं राजस्व के रूप में 2 लाख 78 हजार ?300 की प्राप्ति हुई। इस मौके पर अवर अभियंता लाल जी यादव, राजेंद्र यादव ,उमेश यादव, विपिन चतुर्वेदी ,आरपी सिंह, अरविंद कुमार ,चंद्रभूषण यादव, जितेंद्र यादव ,राजेश सोनकर समेत विद्युत विभाग के कर्मचारी सहयोगी विभिन्न विद्युत केंद्र पर तैनात रहे ।

### शिविर में प्रशिक्षित हुए 524 एनसीसी कैडेट

**गाजीपुर।** श्री शिवपूजन इंटर कॉलेज मालसा के परेड ग्राउंड पर चल रहे संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 292 के अंतर्गत प्रशिक्षण ले रहे 524 एनसीसी कैडेटों ने फील्ड क्राफ्ट के अंतर्गत दूरी अनुमान लगाने के तरीकों को सीखा, चीजें कब वास्तविक दूरी से कम दिखाई देती हैं तथा कब अधिक दिखाई देती है। इनके बारे में कैडेटों को विस्तार से बताया गया। केडेटों ने मैप रीडिंग के अंतर्गत मैप पर अपनी सही-सही पोजीशन के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त करेंगे के बारे में सीखा। कैंप कमांडेंट कर्नल अजय उनियाल ने कैडेटों को अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा सदाचार एवं परोपकार की भावना रखने से आप अपने अंदर अच्छे गुणों का विकास कर सकते हैं तथा जीवन के किसी भी क्षेत्र में तरक्की कर सकते हैं। फायरिंग के अंतर्गत कुल 135 छात्रों ने इसका अभ्यास किया। कैंप के दौरान कैप्टन सतीश कुमार राय, कैप्टन राजेश प्रकाश यादव, डॉक्टर विलोक, प्रथम अधिकारी रामनाथ हवलदार, देवेश इत्यादि उपस्थित थे।

### मातृ शक्ति संगम के आयोजन पर हुई चर्चा

**चंदौली।** भाजपा महिला मोर्चा की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय पर आयोजित की गई, जिसमें मातृ शक्ति संगम जागृत महिलाओं का महासम्मेलन पर चर्चा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मंजू द्विवेदी संयोजिका महिला समन्वय काशी प्रांत थी। इस दौरान मंजू द्विवेदी ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में महिला समन्वय द्वारा मातृशक्ति संगम का आयोजन काशी प्रांत के सात विभागों में संपन्न किया जाना सुनिश्चित है, जिसमें काशी विभाग में 31 दिसंबर 2023 को मातृशक्ति का महासम्मेलन सुनिश्चित हुआ है। डा. आनंद प्रभा प्राचार्य निवेदिता शिक्षा सदन ने कहा कि आयोजन का उद्देश्य सम्मेलन में भाग लेने वाली प्रत्येक महिला स्वयं का परिवार, समाज और राष्ट्र का चिंतन भारतीय दृष्टिकोण से करें। शहर बस्ती नगर गांव वनांचल सभी स्तर पर महिलाओं की स्थिति उनके प्रश्न और समाधान की आवश्यकता है। कार्यक्रम में डा.भारती मिश्रा, डॉक्टर नीलम गुप्ता, जिलाध्यक्ष काशीनाथ सिंह, महामंत्री महिला मोर्चा प्रियंका तिवारी, पूजा यादव, निधि तिवारी, गीता रानी गुप्ता, रीना तिवारी, मालती गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

